Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand for recruitment taking into consideration SC-ST and OBCs backlog vacancies in Mohan Lal Sukhadia University in Udaipur.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) : धन्यवाद सभापति महोदय । आपने मेरे संसदीय क्षेत्र उदयपुर के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं । राजस्थान के उदयपुर में जो मोहनलाल सुखाड़िया विश्व-विद्यालय है, वहां लगभग 20 हजार से ज्यादा विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं और शोध करते हैं । वहां आर्ट, कॉमर्स, साइंस और मैनेजमेंट आदि सभी फैकल्टीज हैं । वहां जब भी फैकल्टी की वैकेंसीज निकलती हैं, तो एक कॉलेज या एक फैकल्टी को यूनिट मानकर भर्तियां निकाली जाती हैं ।

अत: मेरा आपके माध्यम से यूजीसी के गाइडलाइन्स के अनुसार राजस्थान सरकार से निवेदन है कि एससी-एसटी और ओबीसी के बैकलॉग संबंधी रोस्टर को, जो मेनटेन नहीं किया जाता है, उसे मेनटेन करे और बैकलॉग की गणना करके नई भर्तियां निकाले, ताकि यूनिवर्सिटी में सभी लोगों को आने का मौका मिल सके । धन्यवाद ।